राष्ट्रीय बकरी मेला एवं किसान गोष्ठी

दिनांक 17.03.2023 को भा.कृ.अ.प. – केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा में राष्ट्रीय बकरी मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्‌घाटन विधिवत रूप से फीता काट कर मुख्य अतिथि श्रीमान चौधरी लक्ष्मीनारायण जी, माननीय कैबीनेट मंत्री गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार जी द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री पुलकित खरे जी, जिलाधिकारी, जनपद-मथुरा के साथ-साथ श्री सोनपाल जी, निदेशक दीन दयाल धाम, फरह, मथुरा, एवं केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, राजस्थान से आये निदेशक डॉ0 ए.के. तोमर जी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 गोपाल दास, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ0 अनुपम कृष्ण दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक सहित संस्थान के समस्त वैज्ञानिकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण, विभिन्न परिषद के संस्थानों से आये उनके प्रतिनिधि, उद्यमी समेत दूर-दराज क्षेत्रों से आये लगभग 1000 किसान एवं बकरी पालक सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के विधिवत उद्‌घाटन के उपरांत माननीय मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण जी, संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली जी, श्रीमान पुलकित खरे, जिलाधिकारी महोदय के साथ संस्थान अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उक्त मेले में भारत सरकार/राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी झांकी स्टाल का निरीक्षण किया। मंच पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति एवं विशिष्ट अथितियों द्वारा संस्थान के विभिन्न किसान उपयोगी प्रकाशनों का विमोचन किया गया।

संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा मंच पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों सहित सभी गणमान्य अथितियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया एवं संस्थान की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ0 गोपाल दास द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास कार्य को राष्ट्रीय परियोजना के तहत संबंधित वर्ग के गरीब, साधन विहीन एवं मजदूरों की आय में वृद्दि कर उनके जीवन स्तर को सुधारने का कार्य किया जा रहा है।मुख्य अथिति श्रीमान चौधरी लक्ष्मीनारायण जी, माननीय कैबीनेट मंत्री द्वारा आज राष्ट्रीय बकरी मेला में आयोजित प्रदर्शनी के विभिन्न विजेता प्रतियोगियों को मंच से पुरस्कार देकर सम्मानित किया

विशिष्ट अतिथि श्रीमान पुलकित खरे, जिलाधिकारी महोदय द्वारा माननीय कैबिनेट मंत्री जी के साथ सभी स्टालों का भ्रमण किया एवं इस कार्यक्रम एवं संस्थान की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि वे संस्थान के कार्यक्रम में सहभागिता कर गौरव की अनुभूति महसूस कर रहे है।